**Sawnee EMC का**
**प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम**
**बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ’s)**

**प्रश्न 1.** **Sawnee का प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम क्या है?**

यह Sawnee EMC सदस्यों के लिए नया “स्व-प्रबंधन” कार्यक्रम है जिसे सुरक्षा जमा करने की आवश्यकता को दूर करने और सदस्यों को देरी से भुगतान के शुल्क और अन्य प्रभारों से बचाने के लिए तैयार किया गया है। प्रीपेड मीटरिंग सदस्यों को पिछले महीने इस्तेमाल की गई बिजली के लिए मासिक आधार पर बिल पाने की बजाए दैनिक, साप्ताहिक या द्वि-साप्ताहिक आधार पर बिजली के लिए पूर्व-भुगतान करने का विकल्प देता है। इसके बारे में इस तरह सोचें जैसे अपनी कार के टैंक में गैस भरवाते हैं, यही सिद्धांत लागू होता है। आप अपने Sawnee EMC प्रीपेड खाते को “भर” सकते हैं, जिसका इस्तेमाल आपके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बिजली को खरीदने के लिए किया जाएगा।

**प्रश्न 2.** **Sawnee EMC ने इस कार्यक्रम को क्यों लागू किया है?**

अपने सदस्यों को विकल्प देने के लिए जब वे विचार कर रहे हों कि ऊर्जा के अपने उपयोग का भुगतान और प्रबंधन कैसे करना चाहते हैं।

**प्रश्न 3.मैं अपनी एक मानक बिलिंग कार्यक्रम की बजाए इस कार्यक्रम में भागीदारी करना क्यों चाहूंगा?**

जमा भुगतान (डिपॉजिट पेमेंट) के साथ-साथ अन्य शुल्क जमा करने की आवश्यकता से बचने के लिए।

**प्रश्न 4.** **क्या मैं जब भी चाहूँ अपनी मर्जी से कार्यक्रम से बाहर आ सकूंगा?**

कुछ प्रतिबंध अवश्य लागू होते हैं और वर्तमान सीमाएं (जैसे क्रेडिट स्कोरिंग, समय पर भुगतान और अन्य प्रतिबंध) लागू होंगी जब आप खाते को प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम से हमारे मानक बिलिंग कार्यक्रम में बदलते हैं।

**प्रश्न 5.** **इस कार्यक्रम में शामिल होने से क्या नुकसान हैं?**

Sawnee प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम के प्रतिभागी को Sawnee में अपने खाते का “सक्रिय” प्रबंधन करना होगा। इसका अर्थ है कि सेवा बंद होने से बचने के लिए उन्हें अपने खाता शेष (अकाउंट बैलेंस) की अब निगरानी करना और भुगतान करना अवश्य आना चाहिए।

**प्रश्न 6. मैं साइन अप कैसे कर सकता हूं?**

Sawnee EMC कॉल सेंटर को (770) 887-2363 पर फोन करें और Sawnee प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम में प्रवेश के लिए अनुरोध करें। लेकिन हम चिकित्सा की आवशकताओं के लिए बिजली पर निर्भर लोगों के लिए कार्यक्रम की अनुशंसा नहीं करते हैं।

**प्रश्न 7. इस कार्यक्रम के लिए योग्य होने के लिए मुझे क्या करना होगा?**

कार्यक्रम कॉर्पोरेशन के सिंगल फेज 200 एएमपी, आवासीय खातों तक सीमित है जो कॉर्पोरेशन के रिटेल रेट स्केजूल "ह", आवासीय सेवा के अंतर्गत सेवा प्राप्त करने के योग्य होजाते हैं।

**प्रश्न 8. क्या कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुझे किसी करार पर हस्ताक्षर करना होगा?**

हाँ, प्रतिभागियों को प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम नियम और शर्तों, अनुपूरक करार (प्रदर्श 1) पर हस्ताक्षर करना होगा और प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम के नियमों और शर्तों से सहमत होना पड़ेगा। यह फॉर्म Sawnee की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**प्रश्न 9. मुझे किस दर पर बिल भेजा जाएगा?**

खाते में परम्परागत आवासीय दर, दर अनुसूची “H” के अनुसार बिल भेजा जाएगा।

**प्रश्न 10. मुझे बिल किस प्रकार भेजा जाएगा?**

**प्रतिभागियों को बिल प्राप्त नहीं होते हैं। जैसा पहले बताया गया है,** Sawnee **प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले लोग खुद अपने खाते का प्रबंधन सक्रिय रूप से करते हैं।**

**प्रश्न 11. क्या आप मेरा मीटर बदलेंगे?**

**अधिकांश मामलों में हाँ, लेकिन इससे लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी और सेवा में कुछ समय के लिए रुकावट आएगी।**

**प्रश्न 12. यदि मैं इस कार्यक्रम के लिए साइन अप करता हूं, तो क्या मुझे कोई छूट मिलेगी**?

**नहीं। लेकिन प्रतिभागी को कई शुल्कों (जैसे देरी से भुगतान का शुल्क और डिपॉजिट) नहीं देने होंगे जो प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम में भागीदारी नहीं करने वालों पर लागू होते हैं।**

**प्रश्न 13. जब मेरे खाते में कोई राशि नहीं हो तब क्या होता है**?

**सेवा बन्द होने की स्थिति से बचने के लिए, आपको प्रीपेड खाते के शेष को शून्य** ($0) **से अधिक रखने के लिए** Sawnee EMC **को भुगतान करना होगा। ऐसा करने में विफल होने पर, आपकी सेवा को बन्द कर दिया जाएगा।**

**प्रश्न 14. मैं अपने प्रीपेड खाते के लिए भुगतान कैसे कर सकता हूं**?

Sawnee **के मौजूदा भुगतान चैनलों में से किसी से भी प्रीपेड खाते में भुगतान किया जा सकता है जिनमें शामिल हैं - हमारा ऑनलाइन भुगतान गेटवे जिसे "स्मार्टहब** (SmartHub)" **कहा जाता है, हमारी स्वचालित टेलीफ़ोन प्रणाली, हमारे कार्यालय या हमारे ड्राइव इन विंडो कियोस्क में। यदि आप चाहें, तो भुगतान को डाक से भेज सकते हैं, लेकिन आपके प्रीपेड खाता शेष में शामिल करने के लिए भुगतान अवश्य प्राप्त होना चाहिए।**

**प्रश्न 15. मुझे कैसे पता लगेगा कि मेरे खाते में कितनी राशि बची है**?

**आप अपने खाते में शेष राशि ऑनलाइन स्मार्टहब** (SmartHub) **के साथ-साथ हमारी स्वचालित टेलीफ़ोन प्रणाली के जरिए भी जान सकते हैं। आप हमारे कॉल सेंटर में फोन कर सकते हैं और हमारे** CSR **आपके खाते में शेष राशि की जानकारी देंगे।** Sawnee **के स्मार्टहब** (SmartHub) **ऐप को** iTunes **के साथ-साथ** Google Play **से आपके स्मार्टफोन या टैबलेट में डाउनलोड किया जा सकता है।**

**प्रश्न 16. मेरी दैनिक बिल की गणना कैसे की जाती है**?

**प्रत्येक कारोबारी दिन में** Sawnee **के कर्मचारी इस कार्यक्रम के तहत सभी प्रीपेड प्रतिभागी को पिछले दिन उनकी ऊर्जा खपत का बिल भेजेंगे। यदि मासिक शुल्क लागू होता है (जैसे सड़क की बत्ती का शुल्क) तो इसे आपके बिलिंग चक्र के बिल की तारीख को बिल में शामिल किया जाएगा।**

**प्रश्न 17. क्या मुझे अपने खाते में शेष का नोटिस मिलेगा और यह नोटिस किस प्रकार भेजा जाएगा**?

**जब किसी प्रीपेड खाते को इस कार्यक्रम में नामांकित किया जाता है, तो प्रतिभागी खाते में कम शेषराशि की चेतावनी की सूचना के लिए अपने तरीके को चुनता है। इन सूचनाओं में ईमेल और/या टेक्स्ट मैसेज शामिल हैं। यदि किसी विधि को नहीं चुना जाता है, तो प्रतिभागी को "कम" शेषराशि की सूचनाएं नहीं मिलेंगी। कम शेषराशि की सूचनाएं तब दी जाती हैं जब प्रीपेड खाते में शेष राशि** $20 **या इससे कम होती है।**

**Sawnee EMC का**
**प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम**
**बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ’s)**

**प्रश्न 18. मैं कैसे जान सकता हूं कि अगले दिन, सप्ताह आदि के लिए मेरे पास पर्याप्त राशि होगी?**

**स्मार्टहब** (SmartHub) **यह निर्धारित करने के लिए आपकी दैनिक ऊर्जा खपत का विश्लेषण कर सकता है कि आपको अपने खाते में कितनी अनुमानित राशि रखनी चाहिए ताकि किसी निश्चित दिनों तक का बिल दिया जा सके। आप कार्यक्रम को बता सकते हैं कि आप कितने दिन निश्चित करना चाहते हैं, और यह आपको अनुमानित लागत की जानकारी देगा। उस राशि के भुगतान से** (**ज्यादातर मामलों में**) **यह सुनिश्चित *होगा* कि आपके द्वारा निर्धारित दिनों के लिए ऊर्जा उपलब्ध रहेगी।**

**प्रश्न 19.क्या गर्म और सर्द मौसम से संबंधित डिसकनेक्शन (सेवा को बन्द करने) के नियम प्रीपेड मीटरिंग खाते पर लागू होते हैं**?

**जी हाँ, लागू होते हैं।**

**प्रश्न 20.मैं पहले ही सिक्योरिटी डिपॉजिट का भुगतान कर चुका हूं। यदि मैं प्रीपेड मीटरिंग के लिए साइन अप करता हूं, तो क्या इसे वापस किया जाएगा**?

**आपकी जमा राशि आपके प्रीपेड खाते की शेषराशि में जोड़ दी जाएगी। इसका मतलब यह हो सकता है कि आप भुगतान किए बिना कई दिनों या सप्ताहों तक बिजली पा सकेंगे जो आपकी जमा राशि पर निर्भर करेगी।**

**प्रश्न 21.मैं Sawnee के प्रीपेड मीटरिंग कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता हूं?**

**हमारे कॉल सेंटर में** 770-887-2363 **पर फोन करें या हमें** customerservice@sawnee.coop **पर ईमेल करें और हमारे जानकार और मित्रवत ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों को आपकी सहायता करने में प्रसन्नता होगी।**